क्रिकेट | स्वर्गीय आरएस त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

# आरएमसीसी और कैंट हीरोज ने दर्ज की शानदार जीत

**नवभारत, जबलपुर। सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के अंतर्गत आज 3 मुकाबले खेले गए। मैदान पर आज भारत आर्मी, आर. एम. सी. सी. और कैंट हीरोज की टीमों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।**



दिन का पहला मुकाबला भारत आर्मी और खालसा वॉरियर्स के मध्य आयोजित हुआ। इस मैच में भारत आर्मी ने टॉस अपने पक्ष में करके पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने निर्धारित 10 ओवर की बल्लेबाजी में बोर्ड पर 120 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत आर्मी की ओर से बाल कृष्णा ने शानदार बल्लेबाजी की और मात्र 22 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी खालसा वॉरियर्स की टीम दबाव में बिखर गई। भारत आर्मी के गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी के सामने खालसा वॉरियर्स की पूरी टीम 9.4 ओवरों में महज 73 रन पर सिमट गई। इसके चलते भारत आर्मी की टीम ने यह मैच 47 रनों के एक बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले बाल कृष्णा को उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### एकतरफा जीत

प्रतियोगिता का दूसरा मैच आर. एम. सी. सी. और जे. एस. आर. 11 की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में भी टॉस आर. एम. सी. सी. के पक्ष में रहा और उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आर. एम. सी. सी. ने 10 ओवरों में 114 रनों का विशाल स्कोर बनाया। टीम की तरफ से अमन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए केवल 24 गेंदों में 68 रनों की धुआंधार पारी खेली।

जवाब में जब जे. एस. आर. 11 की टीम रनों के इस पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो वे निर्धारित 10 ओवरों की बल्लेबाजी में केवल 81 रन ही बना सके। इस प्रकार आर. एम. सी. सी. की टीम ने इस मैच को 35 रनों से जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए आर. एम. सी. सी. के खिलाड़ी अमन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### कैंट हीरोज ने 6 विकेट से जीता मुकाबला

तीसरे और अंतिम मैच में खमरिया 11 का सामना कैंट हीरोज से हुआ। इस मुकाबले में कैंट हीरोज की टीम ने टॉस जीतकर पहले विरोधी टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और खुद गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले खेलते हुए खमरिया 11 की टीम कैंट हीरोज की सटीक गेंदबाजी के सामने खुलकर नहीं खेल पाई और 10 ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी। कैंट हीरोज के गेंदबाज सुशांत ने शानदार गेंदबाजी स्पैल फेंकते हुए अपने 2 ओवरों में केवल 11 रन खर्च किए और 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। दूसरी पारी में छोटे से लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंट हीरोज की टीम ने बहुत ही आक्रामक शुरुआत की। टीम ने बिना किसी बड़ी परेशानी के मात्र 6.3 ओवरों में 63 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह कैंट हीरोज की टीम ने यह मैच 6 विकेट से, बेहद आसानी से अपने नाम कर लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए सुशांत को 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब दिया गया। इस खेल आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के चंद्रमणि मरावी, सनी बिरहड़े, लोकेश मीणा, दिनेश दास, अजीत सक्सेना, राजीव शर्मा और शारदा प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मैदान पर जाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



## बैठक में कर्मचारियों के हितों पर हुई चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक माढ़ोताल बिजली परिसर स्थित फेडरेशन के नए क्षेत्रीय ऑफिस परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक के उपरांत उसी परिसर में एक आमसभा का भी आयोजन किया गया।

आमसभा में फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक ने संगठन की कार्यप्रणाली, संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कर्मचारियों, नियमित कर्मचारियों, कंपनी कैडर कार्मिकों और पेंशनर्स के हित में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन, ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों द्वारा सकारात्मक सोच के साथ कर्मचारियों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं।

राकेश डी. पी. पाठक ने सभी कर्मचारियों से फेडरेशन से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह संगठन पूरे प्रदेश में कार्यरत है और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए इसकी पूरी टीम हमेशा तत्पर रहेगी।

### ये रहे उपस्थित

बैठक और आमसभा में उपस्थित सभी जनों का स्वागत मोहित पटेल, अक्षय श्रीवास्तव और योगेश पटेल ने किया। इस अवसर पर महामंत्री राकेश डी. पी. पाठक, यू. के. पाठक, दिनेश दुबे, उमा शंकर दुबे, अनूप वर्मा, एच. एम. मंसूरी, मोहन श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, अजय चौबे, विनय पाठक, मोहित पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, मार्कंडे विश्वकर्मा, सुरेंद्र दुबे, मोहन ठाकुर, चंद्रभान कोल, सुशील ठाकुर, विनोद कुमार झारिया, विजय साहू, फरहीन कुरैशी, नरेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन अक्षय श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन मोहित पटेल ने किया।

# गंभीर मरीजों के लिए उम्मीद बनी 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा'

▶ अब तक 140 मरीज हो चुके हैं लाभान्वित

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर उपचार की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मई 2024 से प्रदेश में 'पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा' प्रारंभ की गई, जो आज गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटना प्रभावित एवं आपदा पीड़ित मरीजों के लिए जीवनरक्षक पहल के रूप में स्थापित हो रही है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी सेवा उन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जब मरीज को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाना आवश्यक होता है। सेवा के अंतर्गत एक हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस तथा एक फिक्स्ड-विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस को




प्रशिक्षित चिकित्सकीय और पैरामेडिकल टीम के साथ संचालित किया जा रहा है। यह व्यवस्था राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों और आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुरूप कार्य कर रही है। एयर एम्बुलेंस के माध्यम से कम समय में उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे मरीजों की जान बचाने की संभावनाएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा नही बने।

### दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को मिल रही त्वरित चिकित्सा सहायता

हाल ही में बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी चार माह के मासूम अयांश-मसराम के मामले ने इस सेवा की संवेदनशीलता और उपयोगिता को रेखांकित किया। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित अयांश की पहचान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में की गई थी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए महानगर में इलाज संभव नहीं था, लेकिन जिला प्रशासन की तत्परता और राज्य सरकार की संवेदनशील पहल के चलते बच्चे को पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से मुंबई स्थित नारायण हृदयालय भेजा गया, जहां उसका उपचार एवं आवश्यक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क की जा रही है। बच्चे के परिजनों की भावुक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि शासन की यह पहल केवल एक योजना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए नई जिंदगी की उम्मीद बन रही है।

### संवेदनशील और सशक्त स्वास्थ्य व्यवस्था

पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा न केवल आपातकालीन चिकित्सा परिवहन को नई दिशा दे रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि दूरी, संसाधनों की कमी या आर्थिक स्थिति किसी नागरिक के जीवनरक्षक उपचार में बाधा न बने। सिंगरौली निवासी 32 वर्षीय श्रीमती संध्या दुबे के मामले में भी पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई। गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं एवं सेप्टीसीमिया की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल भेजा। ये उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक आधुनिक एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

# एसडीओपी पूजा की जमानत याचिका पर आज सुको में हो सकती है सुनवाई

▶ सिवनी का चर्चित हवाला कांड

**जबलपुर।** प्रदेश के चर्चित सिवनी हवाला कांड ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया है। मामले की मुख्य आरोपी बताई जा रही एसडीओपी ने हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। जानकारी के अनुसार इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई प्रस्तावित है।

बताया जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई सूची में यह मामला शुरुआती मामलों में शामिल किया गया है। इस बहुचर्चित प्रकरण में एसआई अर्पित भैरम भी आरोपी हैं, जिन्हें अब तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिल सकी है। हालांकि मामले में शामिल अधिकांश अन्य आरोपियों को जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। वहीं दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर भी निरस्त हो चुकी है। गौरतलब है कि यह मामला



सिवनी जिले में कथित हवाला कारोबार से जुड़े करोड़ों रुपए की लूट के आरोपों के बाद सामने आया था। जांच में कटनी से सिवनी तक फैले हवाला नेटवर्क और उसमें कुछ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कथित संलिप्तता की बात सामने आई थी।

जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के जालना निवासी व्यापारी सोहनलाल परमार करीब 2.96 करोड़ रुपए की राशि लेकर वाहन से यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान बंडोल थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस द्वारा वाहन को रोके जाने का आरोप लगा। शिकायत के अनुसार व्यापारी और उनके साथियों को जंगल की ओर ले जाकर मारपीट की गई तथा नकदी छीन ली गई। बाद में पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया।

अब सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, क्योंकि इस मामले को प्रदेश के सबसे चर्चित पुलिस और हवाला प्रकरणों में गिना जा रहा है।

## अण्डर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता 20 से

**जबलपुर।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 मई से शिवाजी मैदान पर में एमएच अकादमी और गोलबाजार एकेडमी द्वारा अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एमएच क्रिकेट क्लब, इनफिनिटी क्रिकेट क्लब, संजीवनी क्रिकेट क्लब, गोल बाजार क्रिकेट क्लब, नर्मदा क्रिकेट क्लब और हेडक्वाटर क्रिकेट क्लब की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट वन डे फॉर्मेट पर खेला जाएगा। सभी मैच 35-35 ओवर के होंगे। टूर्नामेंट का प्रथम मैच एमएच क्रिकेट क्लब और इनफिनिटी क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में जेडीसीए के अंपायर्स एवं स्कोरर अपनी भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट का समापन 29 मई को होगा। अधिक जानकारी के लिए टूर्नामेंट ऑर्गेनाइजर एडवोकेट सुदीप सिंह सैनी कार्यकारिणी सदस्य जिला अधिवक्ता संघ से संपर्क कर सकते हैं।

# पशु तस्करी करते दो पिकअप वाहन जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 17 मई।** भालूमाड़ा पुलिस ने 17 मई की रात में मुखबिर की सूचना पर भालूमाडा पुलिस टीम द्वारा पयारी नम्बर 2 मेन रोड में रात्रि करीब 3 बजे नाकाबंदी कर दो पिकअप वाहन जब्त किए।

पिकअप क्रमांक एमपी 65 जेडडी 4094 का एवं उसके पीछे दूसरे पिकअप वाहन क्रमांक



सीजी 16 सीएस 6764 में मवेशी लोड कर ग्राम भाद से भालूमाडा की ओर आ रहे थे, जहां पयारी नं. 2 में पुलिस को देखते ही दोनो चालकों द्वारा पिकअप को मोडकर केरहा बाबा रोड मझौली तरफ भागने लगे, जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा उक्त पिकअप वाहनों का पीछा किया गया।

### दो पिकअप में मिले 14 मवेशी

केरहा बाबा मझौली रोड में चालकों द्वारा दोनों पिकअप वाहन को अंधेरे में खड़ा कर जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले, जिसके बाद पुलिस उक्त दोनों पिकअप वाहनों को चेक किया गया। पिकअप क्रमांक एमपी 65 जेडडी 4094 में 5 भैसा एवं 2 भैस एवं दूसरे पिकअप में 4 भैसा एवं 3 भैस लदे मिले, जिन्हे क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उक्त दोनों पिकअप वाहन सहित मवेशियों को जब्त किया गया।

# कुएं में मिला नव विवाहिता का संदिग्ध अवस्था में शव



**नौरोजाबाद, /उमरिया,** नवभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरिया में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कुएं में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतिका की पहचान कंचन यादव के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार कंचन यादव का विवाह वर्ष 2021में सेमरिया गांव में हुआ था। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा कंचन को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि दहेज और घरेलू विवाद को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। इस संबंध में पूर्व में नौरोजाबाद थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन उसके बावजूद प्रताड़ना बंद नहीं हुई।मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कंचन की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है और परिजनों के आरोपों के आधार पर सभी बिंदुओं पर पड़ताल शुरू कर दी गई है।


**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

Presiding Officer : श्रीमती मयूरी गुप्ता

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

(MJC/0000018/2021)

मोहन लाल विश्वकर्मा .............. वादी

Vs.

विनोद कुमार विश्वकर्मा व अन्य ........ प्रतिवादी

Process id - /2026 पेशी दिनांक - 30/06/2026

प्रेषिती-( 1 ) उषा बाई पति कमला प्रसाद पिता स्व. डेलन विश्वकर्मा पता: म.नं. 2523, बदनपुर पहाड़ी मदन महल वार्ड जबलपुर म. प्र.

यह कि प्रार्थी मोहन लाल विश्वकर्मा ने आपके विरुद्ध एमजेसी सिविल के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर( अधिवक्ता ) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 11 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

( श्रीमती मयूरी गुप्ता )
मोहर
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, पाटन, जिला- जबलपुर म.प्र.

टिप्पणी-आवेदन पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें - 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।




## नर्मदा तट पर कौशल यादव दे रहे नि :शुल्क तैराकी प्रशिक्षण

हजारों बच्चों को सिखा चुके हैं कला

**नवभारत, जबलपुर।** आज के दौर में तैराकी केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण कौशल बन चुकी है। हाल ही में बरगी क्षेत्र में हुई दुखद घटना ने यह साबित कर दिया कि तैराकी का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए कितना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर जिलहरी घाट, मां नर्मदा तट पर युवा तैराकी प्रशिक्षक कौशल यादव छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण दे रहे हैं।

**स्वास्थ्य लाभ और जीवन रक्षा का माध्यम** -कौशल यादव का कहना है कि 'तैराकी न केवल जीवन बचाने में सहायक है, बल्कि यह स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर जीवन की राह को भी सरल और स्वस्थ बनाती है।' कौशल यादव अब तक शहर के हजारों बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण दे चुके हैं। वे बच्चों को पानी में सुरक्षित रहने के तरीके, आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाते हैं।

### नर्मदा स्वच्छता का संदेश और सराहना

नि :शुल्क तैराकी प्रशिक्षण देने के साथ ही वे स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों को जीवनदायिनी माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने का संदेश भी देते हैं। वर्तमान में जिलहरी घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग तैराकी सीखने पहुंच रहे हैं। कौशल यादव द्वारा किए जा रहे समाज सेवा और जनजागरूकता के इस कार्य की शहरभर में सराहना हो रही है।

आक्रोश | 'श्री परिसर' के रहवासी अब सड़क पर उतरकर करेंगे उग्र धरना प्रदर्शन

# भूमाफियाओं- क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की नाकामी के खिलाफ फूटा जनता का आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** अमखेरा स्थित वार्ड क्रमांक 74 (ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड) के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 67 और 70, 'श्री परिसर फेस-2' के समस्त पीड़ित नागरिकों ने रविवार को एक आवश्यक बैठक कर कॉलोनाइजरों की धोखाधड़ी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की निष्क्रियता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। क्षेत्र की जनता ने बुनियादी अधिकारों की लड़ाई के लिए अब सीधे सड़क पर उतरकर उग्र धरना प्रदर्शन करने का शंखनाद कर दिया है।



### साजिश के तहत बेचे गए प्लॉट, सुविधाएं शून्य

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने कॉलोनाइजर रजिया बेगम, मुन्ना तैयुब, अमजद अंसारी, इकबाल चांद खां, शकील अहमद, गुलाम साबिर इत्यादि से अपनी गाढ़ी कमाई लगाकर प्लॉट खरीदे थे। प्लॉटिंग के समय इन कॉलोनाइजरों द्वारा क्षेत्र में पक्की रोड, व्यवस्थित नालियां और बिजली (लाइट) की सुचारू व्यवस्था देने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे। लेकिन प्लॉट बिकते ही इन भूमाफियाओं ने जनता को भगवान भरोसे छोड़ दिया। आज कॉलोनी पूरी तरह विकसित हो चुकी है और 100 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं, लेकिन कॉलोनी में न तो पक्की सड़क है, न जलनिकासी के लिए नाली और न ही रोशनी का कोई साधन है।

### प्रशासनिक अनदेखी और पार्षद की नाकामी

रहवासियों ने बताया कि इन भूमाफियाओं के खिलाफ पूर्व में कई बार माननीय जिला कलेक्टर महोदय को लिखित शिकायतें सौंपी गई, लेकिन इसके बावजूद रसूखदार कॉलोनाइजरों पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर, क्षेत्रीय पार्षद से भी कई बार बाहरी मुख्य मार्ग पर रोड और नाली निर्माण की गुहार लगाई गई, लेकिन पार्षद की घोर नाकामी और उदासीनता के कारण आज आम जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है।

### अंधेरे के साम्राज्य में सुरक्षित नहीं महिलाएं और बच्चियां

कॉलोनीवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी कॉलोनी में लाइट की व्यवस्था न होने के कारण रात होते ही यहाँ अंधेरा पसर जाता है। इस अंधेरे का फायदा उठाकर देर शाम से ही बाहरी शराबी और नशेड़ियों का तांता लगा रहता है। असामाजिक तत्वों के इस जमावड़े के कारण क्षेत्र की महिलाओं, बेटियों और बच्चियों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है और वे हर वक्त खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। आए दिन यहाँ कच्ची और जर्जर सड़कों के कारण हादसे भी

### लिया आर-पार की लड़ाई का निर्णय

कॉलोनाइजरों की इस धोखाधड़ी, प्रशासन की सुस्ती और क्षेत्रीय पार्षद की नाकामी से तंग आकर रविवार को श्री परिसर फेस-2 की जनता का सब्र का बांध टूट गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अब न्याय सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि सड़क पर उतरकर मांगा जाएगा। क्षेत्रीय जनता जल्द ही एकजुट होकर एक विशाल धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने जा रही है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और संबंधित कॉलोनाइजरों की होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से कॉलोनी के गणमान्य नागरिक, भारी संख्या में मातृशक्ति (महिलाएं) एवं युवा साथी उपस्थित रहे।